# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 28.03.2022

## <u>प्रकाशनार्थ</u>

**दिनांक 28 मार्च 2022 गोरखपुर।** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा **''महिला सुरक्षा : चुनौतियॉ एवं समाधान'' विषय पर छात्र संगोष्ठी का आयोजन** किया गया। इस संगोष्ठी में एम.ए. प्रथम वर्ष के कुल 24 विद्यार्थियों ने अपना शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि महिला सुरक्षा एक चुनौतीपूर्ण विषय है जिसमें स्वंय महिलाओं की जागरूकता भी आवश्यक है। महिलाएं तभी सशक्त हो सकती हैं जब अपने जीवन के निर्णय लेने का अधिकार उन्हें स्वयं हो साथ ही शिक्षा एवं आर्थिक आत्म निर्भरता उन्हें सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसमें भारत सरकार द्वारा महिलाओं की सशक्तिकरण हेतु लागू की गयी योजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. आर.एल. गाडिया जी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा की दिशा में सरकारी योजनाओं का विशेष योगदान है। समाज के प्रत्येक क्षेत्र में जन जागरूकता आयी है और महिला समाज के मुख्य धारा में आगे बढी हैं। इस अवसर पर विवेकानन्द, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. सरिता सिंह उपस्थित रहें।

**प्रभारी**
**समाजशास्त्र विभाग**